This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
https://rajpatra.hp.gov.in

# राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

बुधवार, 13 मई, 2026 / 23 वैशाख, 1948

### हिमाचल प्रदेश सरकार

**श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग**

अधिसूचना

शिमला–171 002, 30 अप्रैल, 2026

**संख्याः एल0ई0पी0–ए003 / 12 / 2023–लूज़.**––पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या का उपयोग व्यक्तियों को सुविधाजनक और निर्बाध रूप से सब्सिडी, लाभ और सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम बनाता

है, पहचान स्थापित करने के लिए दस्तावेजों की बहुलता की आवश्यकता को समाप्त करता है, प्रक्रियाओं को सरल बनाता है और पारदर्शिता व दक्षता को बढ़ावा देता है :

हिमाचल प्रदेश सरकार में हिमाचल प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (जिसे इसमें इसके पश्चात् बोर्ड कहा गया है) उपबन्ध–क के स्तम्भ संख्या 2 में एतद्द्वारा संलग्न नागरिकोन्मुख सेवाएं प्रशासित कर रहा है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) और स्तम्भ संख्या 3 से संलग्न एतद्द्वारा संलग्न उपाबन्ध के अनुसार रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को स्तम्भ संख्या 4 में विवरण के अनुसार स्तम्भ संख्या 2 में उक्त स्कीम के अन्तर्गत की जा रही है और उनकी पहचान के प्रयोजन के लिए तथा उसकी बाबत जारी अनुदेशों और मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार उनके परिचय पत्रों का प्रयोग किया जा रहा है।

और उक्त स्कीम के लिए व्यय हिमाचल प्रदेश राज्य की संचित निधि से किया जाता है :

और, उक्त हिमाचल प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड इच्छुक है कि हिमाचल प्रदेश सरकार, उक्त प्रसुविधा की प्राप्ति हेतु एक शर्त के रूप में हिताधिकारी की पहचान स्थापित करने में प्रयोजनार्थ, ऐसे हिताधिकारी प्रमाणीकरण या आधार संख्या रखने का प्रमाण प्रस्तुत करने या किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिसे कोई आधार संख्या नहीं दी गई है, नामांकन के लिए आवेदन करने की अपेक्षा रखता है;

अतः अब, हिमाचल प्रदेश सरकार आधार (वित्तीय और अन्य सहायकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्ष्यित परिदान) अधिनियम, 2016 (2016 का 18) (इसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है), की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसरण में, निम्नलिखित को अधिसूचित करती है, अर्थात्:–

1. (1) उक्त स्कीम के अधीन उक्त प्रसुविधाएं प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति को आधार संख्या रखने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा या आधार अधिप्रमाणन करवाना होगा;

(2) यदि किसी व्यक्ति को आधार संख्या नहीं दी गई है, तो उसे नामांकन के लिए आवेदन करना होगा :

परंतु यदि वह व्यक्ति बालक है, तो ऐसा आवेदन केवल उसके माता–पिता या विधिक अभिभावक की सहमति से ही किया जाएगा।

(3) आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियम, 2016 के विनियम 12 के उपबंधों के अनुसार, उक्त बोर्ड हिताधिकारी के नामांकन सुनिश्चित करेगा, जिनका अभी तक नामांकन नहीं हुआ है, अथवा रजिस्ट्रार के साथ समन्वय और सुविधाजनक स्थानों पर नामांकन केंद्र स्थापित करने या स्वयं रजिस्ट्रार बनकर नामांकन सुविधाएं प्रदान करने सहित उचित उपायों के माध्यम से उनके आधार विवरण का अद्यतन करेगा :

परंतु ऐसे हिताधिकारी को आधार संख्या समनुदेशित होने तक वह अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करके, जिसका वह हकदार है और जो प्रस्तुत करने के समय वैध है, या यदि ऐसी पहचान के लिए उक्त बोर्ड द्वारा प्रदान किया गया था या प्राधिकृत सॉफ्टवेयर ऐसे दस्तावेजों की तैयारी या रखरखाव से संबंधित अधिकारियों के डाटाबेस से ऐसे दस्तावेजों की अंतर्वस्तु को साबित करने वाली सूचना को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने का समर्थन करता है, तो ऐसा प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति देकर उक्त प्रसुविधा प्राप्त कर सकता है, अर्थात :–

*18 वर्ष से कम आयु के किसी बालक के लिए, जिसे आधार संख्या समनुदेशित नहीं की गई है,–*

(क) लाभार्थी द्वारा नामांकन प्रक्रिया पूरी कर लेने की पावती, जो नामांकन केंद्र पर ऑपरेटर द्वारा प्रदान की जाती है, जिसमें नामांकन आईडी होती है; और

(ख) निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक यह साबित करने के लिए कि लाभार्थी 18 वर्ष से कम आयु का बालक है, अर्थात :–

(i) जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (1969 का 18) के अधीन दिया गया जन्म प्रमाण–पत्र, जैसे कि लाभार्थी के जन्म के संबंध में जन्म रजिस्टर में की गई प्रविष्टि से लिया गया है;

(ii) भारतीय पासपोर्ट;

(iii) किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन या 10वीं कक्षा या उच्चतर माध्यमिक या 12वीं कक्षा का प्रमाणपत्र या अंकपत्र;

(iv) देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले किसी बालक या विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक के संबंध में, जिसे किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) के अधीन उसके द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन संबंधित राज्य सरकार के पास रजिस्ट्रीकृत बाल देखभाल संस्था में रखा जाता है, ऐसी संस्था के प्रभारी व्यक्ति, अधीक्षक, बाल कल्याण अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी द्वारा जारी उसकी जन्म तिथि निर्दिष्ट करने वाला प्रमाणपत्र; या

(v) किसी विदेशी नागरिक के संबंध में,–

(i) यदि वह ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्डधारक हैं, तो ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड;

(ii) यदि वह तिब्बती शरणार्थी है, तो विदेशी क्षेत्रीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण–पत्र;

(iii) यदि वह नेपाल या भूटान का नागरिक है, तो नेपाल या भूटान का पासपोर्ट;

(iv) यदि वह ओवरसीज़ सिटिजन ऑफ इंडिया कार्डधारक, तिब्बती शरणार्थी या नेपाल या भूटान का नागरिक नहीं है, तो उसके पास या तो विदेशी पासपोर्ट के साथ भारतीय वीज़ा होना चाहिए या वर्तमान में वैध या समाप्त हो चुके विदेशी पासपोर्ट के साथ भारत का दीर्घकालिक वीज़ा होना चाहिए; या

(ग) माता–पिता या विधिक अभिभावक के साथ अपने संबंध को साबित करने के लिए लाभार्थी की तस्वीर वाला निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक, अर्थात् :–

(i) राशन कार्ड;

(ii) किसी राजपत्रित अधिकारी जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट या राज्य सरकार का राजस्व अधिकारी हो, जो तहसीलदार के पद से नीचे का न हो द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र या निवास प्रमाण–पत्र;

(iii) किसी सरकारी संस्था या पब्लिक सेक्टर के उद्यम द्वारा सेवानिवृत्त या सेवारत लोक सेवक या उसके परिवार के सदस्य को जारी किया गया चिकित्सा या बीमा पहचान पत्र;

(iv) भारतीय पासपोर्ट;

(v) किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन या 10वीं कक्षा या उच्चतर माध्यकमिक या 12वीं कक्षा का प्रमाणपत्र या अंकपत्र;

(vi) देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले किसी बालक या विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक के संबंध में, जिसे किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) के अधीन उसके द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन संबंधित राज्य सरकार के पास रजिस्ट्रीकृत बाल देखभाल संस्था में रखा जाता है, ऐसी संस्था के प्रभारी व्यक्ति, अधीक्षक, बाल कल्याण अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी द्वारा जारी उसकी जन्मतिथि निर्दिष्ट करने वाला प्रमाण–पत्र; या

(vii) किसी विदेशी नागरिक के संबंध में,–

(i) यदि वह ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारक है, तो ओवरसीज़ सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड;

(ii) यदि वह तिब्बती शरणार्थी है, तो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र;

(iii) यदि वह नेपाल या भूटान का नागरिक है, तो नेपाल या भूटान का पासपोर्ट;

(iv) यदि वह ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारक, तिब्बती शरणार्थी या नेपाल या भूटान का नागरिक नहीं है, तो उसके पास या तो विदेशी पासपोर्ट के साथ भारतीय वीज़ा होना चाहिए या वर्तमान में वैध या समाप्त हो चुके विदेशी पासपोर्ट के साथ भारतीय वीज़ा होना चाहिए या वर्तमान में वैध या समाप्त हो चुके विदेशी पासपोर्ट के साथ भारत का दीर्घकालिक वीज़ा होना चाहिए; या

(viii) ऐसे लाभार्थी के संबंध में जिसके पास विधिक अभिभावक, दत्तक ग्रहण आदेश या विधिक अभिभावकत्व के साक्ष्य के लिए अन्य दस्तावेज हैं, जो संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890, किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 (2016 का 2), राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहुशक्तताग्रस्त व्यक्ति कल्याण न्याय अधिनियम, 1999 (1999 का 44) या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) और उक्त अधिनियमों के अधीन बनाए गए और लागू किये गए नियमों और विनियमों के अधीन किसी न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया है; या

(ix) कोई अन्य दस्तावेज जिसे उक्त बोर्ड निर्दिष्ट करे;

*18 वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों के लए जिन्हें आधार संख्या समनुदेशित नहीं की गई है,–*

(क) लाभार्थी द्वारा नामांकन प्रक्रिया पूरी कर लेने की पावती, जो नामांकन केंद्र पर ऑपरेटर द्वारा प्रदान की जाती है, जिसमें नामांकन आईडी होती है, तथा

(ख) निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक, जिसमें लाभार्थी की तस्वीर हो, अर्थात :–

(i) भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता फोटो पहचान पत्र;

(ii) राशन कार्ड;

(iii) किसी राजपत्रित अधिकारी जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट या राज्य सरकार का राजस्व अधिकारी हो, जो तहसीलदार के पद से नीचे का न हो द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र या निवास प्रमाण–पत्र;

(iv) किसी सरकारी संस्था या सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा सेवानिवृत्त या सेवारत लोक सेवक या उसके परिवार के सदस्य को जारी किया गया चिकित्सा या बीमा पहचान–पत्र;

(v) भारतीय पासपोर्ट;

(vi) किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन या 10वीं कक्षा या उच्चतर माध्यमिक या 12वीं कक्षा का प्रमाण–पत्र या अंक–पत्र;

(vii) किसी सरकारी संस्था या पब्लिक सेक्टर के उद्यम द्वारा सेवारत या सेवानिवृत्त लोक सेवक को जारी किया गया पहचान पत्र या अन्य पहचान दस्तावेज;

(viii) दिव्यांगजन अधिकारी नियमावली, 2017 के अंतर्गत अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, या दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट दिव्यांगता पहचान–पत्र;

(ix) भारत में जारी ड्राइविंग लाइसेंस;

(x) देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले किसी बालक या विधि का उल्लंघन करने वाले किसी बालक के संबंध में, जिसे किशोर न्याय (बालकों के देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) के अधीन उसके द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन संबधित राज्य सरकार के पास रजिस्ट्रीकृत बाल देखभाल संस्था में रखा जाता है, ऐसी संस्था के प्रभारी व्यक्ति, अधीक्षक, बाल कल्याण अधिकारी या परिवीक्षा अधिकारी द्वारा जारी उसकी जन्मतिथि निर्दिष्ट करने वाला प्रमाण–पत्र; या

(xi) किसी विदेशी नागरिक के संबंध में,–

(i) यदि वह ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारक है, तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड;

(ii) यदि वह तिब्बती शरणार्थी है, तो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण–पत्र;

(iii) यदि वह नेपाल या भूटान का नागरिक है, तो नेपाल या भूटान का पासपोर्ट;

(iv) यदि वह ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्डधारक, तिब्बती शरणार्थी या नेपाल या भूटान का नागरिक नहीं है, तो उसके पास या तो विदेशी पासपोर्ट के साथ भारतीय वीज़ा होना चाहिए या वर्तमान में वैध या समाप्त हो चुके विदेशी पासपोर्ट के साथ भारत का दीर्घकालिक वीज़ा होना चाहिए; या

(xii) ऐसे हिताधिकारी के संबंध में जिनके पास विधिक अभिभावक, दत्तक ग्रहण आदेश या विधिक अभिभावकत्व के साक्ष्य के लिए अन्य दस्तावेज हैं, जो संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890, किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 (2016 का 2), राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहुशक्तताग्रस्त व्यक्ति कल्याण न्याय अधिनियम, 1999 (1999 का 44) या दिव्यांगजन अधिकारी अधिनियम, 2016 (2016 का 49) और उक्त अधिनियमों के अधीन बनाए गए और लागू किये गए नियमों और विनियमों के अधीन किसी न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया है; या

(xiii) जैसा कि उक्त बोर्ड द्वारा यथा निर्दिष्ट कोई अन्य दस्तावेज।

(4) उक्त बोर्ड द्वारा इस संबंध में पदाभिहित अधिकारी खंड (3) के अधीन दस्तावेजों या उनकी विषय–वस्तु को सिद्ध करने वाली सूचना के संबंध में जांच करेगा,–

(क) माईआधार पोर्टल (https://myaadhaar.uidai.gov.in/portal) पर ईआईडी जमा करके नामांकन अनुरोध की स्थिति की पुष्टि करें, ताकि यह पुष्टि हो सके कि नामांकन आईडी वैध है और नामांकन अनुरोध अस्वीकृत नहीं हुआ है; और

(ख) अन्य दस्तावेजों के संबंध में, इस प्रयोजनार्थ वह किसी सरकारी संस्था या प्राधिकरण की सहायता ले सकता है और प्रस्तुत जानकारी को उसके साथ सांझा कर सकता है, जो ऐसे दस्तावेजों में निहित जानकारी की तैयारी या रखरखाव से संबंधित है।

2. हिताधिकारियों को उक्त प्रसुविधाओं को सुविधाजनक ढंग से लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए, मंत्रालय मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा

ताकि हिताधिकारियों को उक्त योजना के अधीन आधार संख्या की अपेक्षाओं के संबंध में हिताधिकारियों को जागरूक किया जा सके।

3. यदि किसी हिताधिकारी के आधार नंबर का अधिप्रमाणन किसी भी बायोमेट्रिक आधारित अधिप्रमाणन विधि (अर्थात चेहरे की छवि, उंगलियों के निशान या आईरिस स्कैन आधारित प्रमाणीकरण) के माध्यम से किया गया है और वह किन्हीं कारण से विफल हो जाता है, जैसे कि बायोमेट्रिक जानकारी की खराब गुणवत्ता, तो निम्नलिखित उपचारात्मक तंत्र अपनाए जाएंगे, अर्थात् :

(क) यदि अधिप्रमाणन का कोई विशेष बायोमेट्रिक–आधारित तरीका सफल नहीं होता है, तो बायोमेट्रिक–आधारित अधिप्रमाणन या वन टाइम पिन–आधारित अधिप्रमाणन का कोई अन्य तरीका, जैसा भी साध्य और ग्राह्य हो, प्रस्तावित किया जाएगा;

(ख) ऐसे मामलों में जहां अधिप्रमाणन के बायोमेट्रिक–आधारित या वन टाइम पिन–आधारित तरीके संभव नहीं हैं, उक्त योजना के अधीन प्रसुविधा, आधार सुरक्षित त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड या आधार पेपरलेस ऑफलाइन ई–केवाईसी दस्तावेज यथास्थिति पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र का ऑफलाइन सत्यापन करके आधार संख्या की प्रमाणिकता स्थापित करने के पश्चात् निम्नलिखित में से किसी के आधार पर अधीन प्रसुविधा प्रदान की जा सकती है, अर्थात :–

(i) आधार सुरक्षित त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड जिसमें आधार कार्ड, आधार पत्र (अर्थात आधार संख्या धारक को उसके आधार संख्या के सृजन पर जारी किया गया पत्र) या ई–आधार (अर्थात आधार पत्र की पासवर्ड से सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक प्रति जिसे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है या उसके mAadhaar ऐप का उपयोग करके एक्सेस किया जा सकता है), आधार क्यूआर स्कैनर या mAadhaar ऐप का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन करके ऑफलाइन सत्यापन के माध्यम से इसकी वास्तविकता स्थापित होने के बाद;

(ii) आधार पेपरलेस ऑफलाइन ई–केवाईसी दस्तावेज (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है या इसके mAadhaar ऐप का उपयोग सुलभ है), की भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की वेबसाइट पर इस संबंध में दिए गए विवरण के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए संबंधित मंत्रालय या विभाग या योजना कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा विकसित एप्लिकेशन के माध्यम से दस्तावेज पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के ऑफलाइन सत्यापन के माध्यम से वास्तविकता स्थापित होने के बाद।

**4.** उपरोक्त में निहित किसी भी बात के होते हुए भी,–

(क) इस योजना के तहत अधीन ऐसे किसी भी बालक को प्रसुविधा से वंचित नहीं किया जाएगा.–

(i) जो अधिप्रमाणन के दौरान अपनी पहचान स्थापित करने में या आधार संख्या रखने का प्रमाण प्रस्तुत करने में असफल हैं; या

(ii) नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में, जहां उसे आधार संख्या समनुदेशित नहीं की गई है; और

(ख) उक्त योजना के अधीन प्रसुविधा ऐसे बालक को, उसके माता–पिता या विधिक अभिभावक के साथ उसके संबंध को स्थापित करके, उसकी पहचान सत्यापित करके, पैराग्राफ 1 के खंड (3) के परंतुक में विनिर्दिष्ट रीति से अधीन प्रसुविधा दी जाएगी; और

(ग) जहां खंड (ख) के अधीन प्रसुविधा प्रदान की जाती है, वहां उसके संबंध में एक रिकार्ड रखा जाएगा, जिसकी उक्त बोर्ड द्वारा समय–समय पर समीक्षा और लेखापरीक्षा की जाएगी।

**5.** यह सुनिश्चित करने के लिए कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वास्तविक हिताधिकारी उक्त योजना के अधीन मिलने वाली प्रसुविधा से वंचित न रहे, यह उक्त बोर्ड, भारत सरकार के मंत्रीमंडल सचिवालय के प्रत्यक्ष प्रसुविधा अंतरण मिशन के दिनांक 19 दिसंबर, 2017 के कार्यालय ज्ञापन संख्या डी–26011 / 04 / 2017–डीबीटी (https://dbtbharat.gov.in पर उपलब्ध) में विनिर्दिष्ट अपवाद हैंडलिंग तंत्र का पालन करेगा।

**6.** यह अधिसूचना राजपत्र (ई–गजट) में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगी।

आदेश द्वारा,
सचिव (श्र0रो0 एवं वि0नि0)।

**उपाबन्ध–क**

| क्रम संख्या | डीबीटी योजना का नाम | लाभ का प्रकार | लाभ का विवरण | लाभार्थी श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 281(1) के अंतर्गत शिक्षा सहायता | व्यस्क |
| 2. | चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 280 के अंतर्गत चिकित्सा सहायता | व्यस्क |
| 3. | मृत्यु हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 278 के अंतर्गत मृत्यु हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 4. | अंतिम संस्कार हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 277 के अंतर्गत अंतिम संस्कार हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 5. | वृद्धावस्था पैंशन हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 273 के अंतर्गत वृद्धावस्था पैंशन हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 6. | दिव्यांग पैंशन हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 275 के अंतर्गत दिव्यांग पैंशन हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 7. | विधवा पैंशन हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 300 के अंतर्गत विधवा पैंशन हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 8. | छात्रावास सुविधा हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 301 के अंतर्गत छात्रावास सुविधा हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 9. | मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 299 के अंतर्गत मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 10. | कन्या जन्म उपहार हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 298 के अंतर्गत कन्या जन्म उपहार हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 11. | मातृत्व / पितृत्व हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 271 के अंतर्गत मातृत्व / पितृत्व हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 12. | विवाह हेतु वित्तीय सहायता | वित्तीय सहायता | नियम 282 के अंतर्गत विवाह हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | मुख्यमन्त्री आवास योजना | वित्तीय सहायता | नियम 302 के अंतर्गत मुख्यमन्त्री आवास योजना हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |
| 14. | मुख्यमन्त्री विधवा / एकल / निराश्रित / दिव्यांग महिला आवास योजना | वित्तीय सहायता | नियम 303 के अंतर्गत मुख्यमन्त्री विधवा / एकल / निराश्रित / दिव्यांग महिला आवास योजना हेतु वित्तीय सहायता | व्यस्क |

*[Authoritative English text of this Department's Notification No. LEP-A003/12/2023-Loose, dated 30-04-2026 as required under Article 348(3) of the Constitution of India].*

## LABOUR, EMPLOYMENT & OVERSEAS PLACEMENT DEPARTMENT

NOTIFICATION

*Shimla-171 002, the 30th April, 2026*

**No. LEP-A003/12/2023-Loose.—**Whereas the use of Aadhar number to establish identity enables individuals to receive subsidies, benefits and services in a convenient and seamless manner, obviates the need for multiplicity of documents to establish identity, simplifies processes and promotes transparency and efficiency :

And whereas the **Himachal Pradesh Building and Other Construction Workers Welfare Board** (hereinafter referred to as Board), in the Government of Himachal Pradesh is administering as various citizen-oriented services as appended herewith in column No. 2 of Annexure-A (hereinafter referred to as schemes).

And whereas **as per the appended annexure herewith** column No. 3 is given to the **registered workers** under the schemes at column No. 2, as per description at column No. 4 and credentials are being used for the purpose of identification and the instructions and guidelines issued in respect thereof :

And whereas expenditure for the said scheme is incurred from the Consolidated Fund of **the State of Himachal Pradesh** :

And whereas the said **Himachal Pradesh Building and Other Construction Workers Welfare Board** is desirous that the Government, for the purpose of establishing identity of a beneficiary as a condition for the receipt of the said benefit, require that such beneficiary undergo authentication, or furnish proof of possession of Aadhaar number or in the case of an individual to whom no Aadhaar number has been assigned, make an application for enrolment.

Now, therefore, in pursuance of the provisions of section 7 of the Aadhaar (Targeted Delivery of Financial and Other Subsidies, Benefits and Services) Act, 2016 (18 of 2016) (hereinafter referred to as the said Act), the Government of **Himachal Pradesh** hereby notifies the following, namely:—

**1.** (1) An individual desirous of availing of the said benefit under the said scheme shall be required to undergo authentication, or furnish proof of possession of Aadhaar number.

(2) In case such an individual has not been assigned an Aadhaar number, he shall be required to make an application for enrolment:

Provided that if that individual is a child, such application shall be made only with the consent of his parent or legal guardian.

(3) In accordance with the provisions of regulation 12 of the Aadhaar (Enrolment and Update) Regulations, 2016, the said **Board** shall ensure enrolment of such beneficiaries who are yet to be enrolled, or update their Aadhaar details through appropriate measures, including coordination with Registrars and setting up enrolment centres at convenient locations or providing enrolment facilities by becoming a Registrar itself :

Provided that till such time an Aadhaar number is assigned to such beneficiary, he may establish his identity to avail of the said benefit, by presenting the following documents to which he is entitled and which are valid at the time of presentation, or, in case the software provided or authorized by the said **Board** for such identification supports electronic obtaining of information evidencing the contents of such documents from the database of the authorities dealing with the preparation or maintenance thereof, by giving his consent for so obtaining, namely :—

*For a child below 18 years of age to whom an Aadhaar number has not been assigned :*

(a) The acknowledgement of the beneficiary having undergone the process of enrolment, provided by the operator at the enrolment centre, containing the Enrolment ID (EID); and

(b) Any one of the following documents to evidence that the beneficiary is a child below 18 years of age, namely :—

(i) Certificate of birth given under the Registration of Births and Deaths Act, 1969, as extracted from the entry made in the register of births regarding the birth of the beneficiary;

(ii) Indian passport;

(iii) Certificate or statement of marks of matriculation or 10th class or higher secondary or 12th class, issued by a recognised board of school education;

(iv) In respect of a child in need of care and protection or a child in conflict with law, who is housed by Child Care Institution registered as such with the State Government concerned under the rules made by it under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, certificate specifying his date of birth issued by the person-in-charge, superintendent, child welfare officer or probation officer of such institution; or

(v) In respect of a foreign national,—

(i) if he is an Overseas Citizen of India Cardholder, Overseas Citizen of India Card;

(ii) if he is a Tibetan refugee, registration certificate issued by a Foreigners Regional Registration Office;

(iii) if he is a national of Nepal or Bhutan, passport of Nepal or Bhutan;

(iv) if he is other than a Overseas Citizen of India Cardholder, Tibetan refugee or a national of Nepal or Bhutan, either an Indian visa alongwith foreign passport or a Long Term Visa to India alongwith currently valid or expired foreign passport; or

(c) Any one of the following documents, having the photograph of the beneficiary, to evidence his relationship with the parent or legal guardian, namely :—

(i) Ration card;

(ii) Caste certificate or domicile certificate, issued by a Gazetted officer who is an Executive Magistrate or a revenue officer of the State Government, not below the rank of Tehsildar;

(iii) Medical or insurance identity card issued by a government entity or public sector enterprise to a retired or serving public servant or his family member;

(iv) Indian passport;

(v) Certificate or statement of marks of matriculation or 10th class or higher secondary or 12th class, issued by a recognised board of school education;

(vi) In respect of a child in need of care and protection or a child in conflict with law, who is housed by Child Care Institution registered as such with the State Government concerned under the rules made by it under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, certificate specifying his date of birth issued by the person-in-charge, superintendent, child welfare officer or probation officer of such institution; or

(vii) In respect of a foreign national,—

(i) if he is an Overseas Citizen of India Cardholder, Overseas Citizen of India Card;

(ii) if he is a Tibetan refugee, registration certificate issued by a Foreigners Regional Registration Office;

(iii) if he is a national of Nepal or Bhutan, passport of Nepal or Bhutan;

(iv) if he is other than a Overseas Citizen of India Cardholder, Tibetan refugee or a national of Nepal or Bhutan, either an Indian visa alongwith foreign passport or a Long Term Visa to India alongwith currently valid or expired foreign passport; or

(viii) In respect of a beneficiary who has a legal guardian, adoption order or other document to evidence legal guardianship, which is issued by a court of law or competent authority under the Guardians and Wards Act, 1890,the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, the National Trust for Welfare of Persons with Autism, Cerebral Palsy, Mental Retardation and Multiple Disabilities Act, 1999 or the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 and the applicable rules and regulations made under the said Acts; or

(ix) Any other document as the said **Board** may specify.

*For beneficiaries aged 18 years or more to whom an Aadhaar number has not been assigned :*

(a) The acknowledgement of the beneficiary having undergone the process of enrolment, provided by the operator at the enrolment centre, containing the EID; and

(b) Any one of the following documents, having the beneficiary's photograph, namely :—

(i) Elector's Photo Identity Card issued by the Election Commission of India;

(ii) Ration card;

(iii) Caste certificate or domicile certificate, issued by a Gazetted officer who is an Executive Magistrate or a revenue officer of the State Government, not below the rank of Tehsildar;

(iv) Medical or insurance identity card issued by a government entity or public sector enterprise to a retired or serving public servant or his family member;

(v) Indian passport;

(vi) Certificate or statement of marks of matriculation or 10th class or higher secondary or 12th class, issued by a recognised board of school education;

(vii) Identity card or other identity document issued to serving or retired public servant by a government entity or a public sector enterprise;

(viii) Disability certificate issued by notified medical authority under Rights of Persons with Disabilities Rules, 2017, or Unique Disability Identification (UDID) card issued by the Department of Empowerment of Persons with Disabilities (*Divyangjan*), Government of India;

(ix) Driving license issued in India:

(x) In respect of a child in need of care and protection or a child in conflict with law, who is housed by Child Care Institution registered as such with the State Government concerned under the rules made by it under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, certificate specifying his date of birth issued by the person-in-charge, superintendent, child welfare officer or probation officer of such institution; or

(xi) In respect of a foreign national,—

(i) if he is an Overseas Citizen of India Cardholder, Overseas Citizen of India Card;

(ii) if he is a Tibetan refugee, registration certificate issued by a Foreigners Regional Registration Office;

(iii) if he is a national of Nepal or Bhutan, passport of Nepal or Bhutan;

(iv) if he is other than a Overseas Citizen of India Cardholder, Tibetan refugee or a national of Nepal or Bhutan, either an Indian visa along with foreign passport or a Long Term Visa to India along with currently valid or expired foreign passport; or

(xii) In respect of a beneficiary who has a legal guardian, adoption order or other document to evidence legal guardianship, which is issued by a court of law or

competent authority under the Guardians and Wards Act, 1890, the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, the National Trust for Welfare of Persons with Autism, Cerebral Palsy, Mental Retardation and Multiple Disabilities Act, 1999 or the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 and the applicable rules and regulations made under the said Acts; or

(xiii)Any other document as the said **Board** may specify ,—

(4) An officer designated by the said **Board** in this behalf shall check in respect of the documents presented or the information evidencing the contents thereof under clause (3),—

(a) the status of the enrolment request by submitting the EID on my Aadhar portal (https://myaadhaar.uidai.gov.in/portal) to confirm that the EID is valid and that the enrolment request does not stand rejected; and

(b) the other documents, and for this purpose, may take the assistance of and share the information presented with any government entity or an authority that deals with the preparation or maintenance of the information contained in such documents.

**2.** In order to enable beneficiaries to avail of the said benefits conveniently, the Ministry shall make all necessary steps to ensure wide publicity through media to make the beneficiaries aware of the requirement of Aadhaar number under the said scheme.

**3.** Where the authentication of the Aadhaar number of a beneficiary done through any of the biometric-based modes of authentication (namely, facial image, fingerprints or iris scan based authentication) fails due to any reason, such as poor quality of biometric information, the following remedial mechanisms shall be adopted, namely:—

(a) In case any particular biometric-based mode of authentication is not successful, any other mode of biometric-based authentication or one-time pin (OTP) based authentication shall, wherever feasible and admissible, be offered;

(b) In cases where biometric-based or OTP-based modes of authentication are not possible, benefits under the said scheme may, after establishing the genuineness of the Aadhaar number by doing offline verification of the digital signature certificate of UIDAI on the Aadhaar Secure Quick Response (QR) Code or the Aadhaar Paperless Offline e-KYC document, as the case may be given on the basis of any of the following :

(i) An Aadhar Secure Quick Response (QR) Code containing Aadhar card, Aadhaar letter (*i.e.,* the letter issued to an Aadhar number holder on generation of his Aadhar number) or e-Aadhaar (*i.e.,* the password-protected electronic copy of Aadhaar letter downloadable from the website of UIDAI or accessible using its mAadhaar app), after its genuineness is established through offline verification by scanning the QR code using the Aadhar QR Scanner or mAadhaar apps.

(ii) Aadhar Paperless Offline e-KYC document (downloadable from the website of UIDAI or accessible using its mAadhar app), after its genuineness is established through offline verification of the digital signature certificate of UIDAI on the document through the application developed by the Ministry or Department or scheme implementing agency concerned for this purpose, in accordance with the details given in this regard on the website of UIDAI.

**4.** Notwithstanding anything contained hereinabove,—

(a) benefit under the said scheme shall not be denied to a child—

(i) in case of failure to establish his identity by undergoing authentication or to furnish proof of possession of Aadhaar number; or

(ii) in case of production of an application for enrolment where he has not been assigned an Aadhaar number; and

(b) benefit under the said schemes shall be given to such a child by verifying his identity and establishing his relationship with his parent or legal guardian in the manner specified in the proviso to clause (3) of paragraph 1; and

(c) where benefit is given under clause (b), a record shall be maintained in respect of the same, which shall be reviewed and audited periodically by the said **Board**.

**5.** In order to ensure that *bonafide* beneficiaries who are aged 18 years or more are not deprived of the benefit due to them under the said schemes, the said **Board** shall follow the exception handling mechanism specified in the Office Memorandum No. D-26011/04/2017-DBT, dated the 19th December, 2017 of the Direct Benefit Transfer Mission, Cabinet Secretariat, Government of India (available on https://dbtbharat.gov.in).

**6.** This notification shall be effective from the date of its publication in the (e-gazette), Himachal Pradesh.

By orders,
Sd/-
(PRIYANKA BASU INGTY),
*Secretary (LE & OP).*

**Annexure-A**

| Sl. No. | DBT Scheme Name | Benefit Type | Benefit Description | Benefit Type Adult |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | Financial Assistance for Education | Financial Assistance | Education Assistance under Rule, 281(1) | Adult |
| 2. | Financial Assistance for Medical | Financial Assistance | Medical Assistance under Rule, 280 | Adult |
| 3. | Financial Assistance for Death | Financial Assistance | Death Assistance under Rule, 278 | Adult |
| 4. | Financial Assistance for Funeral | Financial Assistance | Funeral Assistance under Rule, 277 | Adult |
| 5. | Financial Assistance for Old Age Pension | Financial Assistance | Old Age Pension Assistance under Rule, 273 | Adult |
| 6. | Financial Assistance for Disability Pension | Financial Assistance | Disability Pension Assistance under Rule, 275 | Adult |
| 7. | Widow Pension Scheme | Financial Assistance | Widow Pension Assistance under Rule, 300 | Adult |
| 8. | Hostel Facility Scheme | Financial Assistance | Hostel Facility Assistance under Rule, 301 | Adult |
| 9. | Mentally Retarded Children Benefit Scheme | Financial Assistance | Mentally Retarded Children Assistance under Rule, 299 | Adult |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | Female Birth Gift Scheme | Financial Assistance | Female Birth Gift Assistance Rule, 298 | Adult |
| 11. | Financial Assistance for Maternity/ Paternity | Financial Assistance | Maternity/ Paternity Assistance Rule, 271 | Adult |
| 12. | Financial Assistance for Marriage | Financial Assistance | Marriage Assistance under Rule, 282 | Adult |
| 13. | Mukhyamantri Awas Yojna (HPBOCW WB) | Financial Assistance | Mukhyamantri Awas Yojna Assistance under Rule, 302 | Adult |
| 14 | Mukhya Mantri Widow/Single/ Destitute/Divyang Mahila Awas Yojna. | Financial Assistance | Mukhya Mantri Widow/Single/ Destitute/Divyang Mahila Awas Yojna under Rule, 303 | Adult |

---

## राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश
## STATE ELECTION COMMISSION, HIMACHAL PRADESH

आर्मसडेल, शिमला-171002 Armsdale, Shimla-171 002. Tel. 0177-2620152, 2620159, 2620154, Fax: 2620152
Email: secysec-hp@nic.in

अधिसूचना

शिमला–2, 12 मई, 2026

**संख्याः रा0 नि0 आ0 (एफ)1–43 / 2024–6749.**––यतः जिला निर्वाचन अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने राज्य निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पूर्व में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन शीत ऋतु में दिसम्बर व जनवरी माह में करवाए जाते रहे हैं तथा ग्राम पंचायत बड़ा भंगाल के मतदाता अपने निवासों को छोड़ कर निचले क्षेत्र बीड़ नामक स्थान में स्थानांतरित हो जाते थे तथा बीड़ में ही स्थित मतदान केन्द्र में मतदान करते रहे हैं;

यतः और कि इस बार पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन ग्रीष्म ऋतु में मई माह में करवाए जा रहे हैं तथा इस पंचायत के लगभग 102 मतदाता कृषि सम्बधित कार्यों के कारण बड़ा भंगाल में रह रहे हैं। बड़ा भंगाल से बीड़ की दूरी लगभग 72 कि0 मी0 है तथा आने–जाने का एक मात्र साधन दुर्गम पैदल रास्ता है। ऐसी परिस्थिति में यह मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित रह जाएगे;

अतः राज्य निर्वाचन आयोग उन शक्तियों का प्रयोग करने हुए जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 243ट, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 160 के साथ पठित नियम 32(5) व 50 के अन्तर्गत निहित है, पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन हेतु निर्धारित प्रक्रिया में आंशिक संशोधन करते हुए, ग्राम पंचायत बड़ा भंगाल के लिए मतदान एवं मतगणना हेतु निम्नलिखित मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित करता है तथा जिला पंचायत अधिकारी (पं0) कांगड़ा को वह सभी कृत्य करने के लिए प्राधिकृत करता है, जिससे इस दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहेंः–

1. ग्राम पंचायत बड़ा भंगाल में ऊंचाई पर रहने वाले सभी मतदाताओं के लिए बड़ा भंगाल में सभी वार्डों के लिए केवल एक ही अतिरिक्त मतदान केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इस पंचायत का मतदान प्रथम चरण अर्थात 26–05–2026 को सम्पन्न किया जाए।

2. अतिरिक्त मतदान केन्द्र में मतदान के लिए चार सदस्य मतदान दल का गठन किया जाएगा जो मतदान दिवस पर सभी पदाधिकारियों का मतदान सुनिश्चित करवाएगा।

3. मतदान दल अपने साथ 3 मतपेटियां एवम् सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु पर्याप्त मतपत्रों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से बड़ा भंगाल को ले जाएगें। जिला प्रशासन द्वारा इस विषय में समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएंगी।

4. एक मतपेटी में जिला परिषद् व पंचायत समिति के मतपत्रों को मतदान के उपरान्त डाला जाएगा तथा दूसरी मतपेटी में मतदान के उपरान्त ग्राम पंचायत बड़ा भंगाल के प्रधान, उप–प्रधान व वार्ड सदस्यों के निर्वाचन से सम्बन्धित मतपत्रों को डाला जाएगा। तीसरी मतपेटी को आवश्यकता पड़ने पर ही प्रयोग किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड के लिए पीठासीन अधिकारी द्वारा पृथक ballot paper account तैयार किया जाएगा।

5. मतदान समाप्त होने के उपरान्त मतदान दल को मतपेटियों तथा अन्य मतदान सामग्री के साथ बड़ा भंगाल से हेलीकॉप्टर के माध्यम से बीड़ लाया जाएगा। बीड़ एवं बड़ा भंगाल दोनों स्थानों से जिला परिषद् व पंचायत समिति की मतपेटी को जिला परिषद् व पंचायत समिति हेतु चिन्हित सुरक्षित कक्ष (Strong Room) में रखा जाएगा तथा दूसरी मतपेटी को प्रधान, उप–प्रधान व वार्ड सदस्यों हेतु चिन्हित सुरक्षित कक्ष (Strong Room) में रखा जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया सम्बन्धित उपमण्डलाधिकरी (ना0) की व्यक्तिगत निगरानी में होगी।

6. जहां तक सम्भव हो ग्राम पंचायत से सम्बन्धित मतपेटियां भी उसी परिसर में सुरक्षित कक्ष (Strong Room) में रखी जाएंगी जंहा पर पंचायत समिति व जिला परिषद की मतपेटियां रखी जानी हैं। परन्तु ग्राम पंचायत से संम्बंधित मतपेटियां अलग कमरे में उसी सुरक्षित कक्ष में रखी जाएंगी।

7. सुरक्षित कक्ष (Strong Room) में उपयुक्त संख्या में सुरक्षा कर्मी की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी ।

8. ग्राम पंचायत के लिए मतगणना का दिनांक मतपेटियां बीड़ सुरक्षित कक्ष में पंहुचने के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अलग से घोषित किया जाएगा।

9. प्रधान, उप–प्रधान व वार्ड सदस्यों की मतपेटियों की मतगणना के लिए निर्धारित समय से कम से कम 24 घण्टे पहले सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों / अभ्यर्थियों के एजेंटों को मतगणना का नोटिस जारी किया जाएगा तथा समस्त अभ्यर्थियों / अभ्यर्थियों के एजेंटों से पावती प्राप्त होने के उपरान्त मतगणना निर्धारित तिथि को समय प्रातः 09 बजे से की जाएगी।

10. मतगणना के समय सर्वप्रथम ग्राम पंचायत बीड़ के पांचों वार्डों से सम्बन्धित मतपेटियां, जिनमें मतदान बीड़ स्थित मतदान केन्द्रों पर किया गया है, खोली जाएंगी जिनमें से मतपत्रों को रंग के आधार पर पृथक किया जाएगा तथा पीठासीन अधिकारी द्वारा तैयार ballot paper account से मिलान किया जाएगा।

11. प्रधान, उप–प्रधान व वार्ड सदस्यों के मतपत्रों को अलग–अलग टोकरियों में रखा जाएगा । प्रधान व उप–प्रधान के मतपत्रों को दो अलग–अलग टोकरियों में रखा जाएगा तथा सभी वार्डों के लिए पृथक–पृथक पांच टोकरियां रखी जाएंगी।

12. तत्पश्चात बड़ा भंगाल से लाई गई मतपेटी को खोला जाएगा तथा सर्वप्रथम इसके सभी मतपत्रो को रंग के आधार पर पृथक किया जाएगा तथा ballot paper account से मिलान किया जाएगा। प्रधान व उप–प्रधान से सम्बन्धित मतपत्रों को बिना खोले प्रधान व उप–प्रधान के लिए रखी गई टोकरियों में मिलाया जाएगा।

13. वार्ड सदस्यों के मतपत्रों को बिना खोले सुभेदक चिन्ह मोहर (Distinguish Mark Seal) के आधार पर सम्बन्धित वार्डों की टोकरियों में मिला दिया जाएगा। इस प्रकार जब बड़ा भंगाल के सदस्यों से

सम्बन्धित सभी मतपत्र वार्डानुसार पृथक कर लिए जाएं, तत्पश्चात सर्वप्रथम वार्ड नम्बर एक से मतपत्रों की गणना आरम्भ की जाएंगी।

14. यदि वार्ड नम्बर एक निर्वाचन सर्वसम्मति से हो चुका हो तो मतगणना वार्ड नम्बर 2 से आरम्भ की जाएगी। तत्पश्चात उप–प्रधान व प्रधान पदों के मतपत्रों की गणना की जाएगी।

15. मतदान व मतगणना के लिए हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम 1994 की नियमावली में निर्धारित सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
(अनिल कुमार खाची),
राज्य निर्वाचन आयुक्त।

———————

**HIMACHAL PRADESH ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION, SHIMLA**

NOTIFICATION

*Shimla, the 12th May, 2026*

**No. HPERC/428.—WHEREAS,** the Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission (hereinafter referred to as "the Commission") has framed and notified the Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission (Promotion of Generation from the Renewable Energy Sources and Terms and Conditions for Tariff Determination) Regulations, 2017 *vide* notification No. HPERC/428, dated 16th November, 2017 and published in the Rajpatra, Himachal Pradesh, on 23rd November, 2017 (hereinafter referred to as " the RE Tariff Regulations, 2017");

**AND WHEREAS,** the Central Electricity Regulatory Commission has notified the Central Electricity Regulatory Commission (Terms and Conditions for Tariff determination from Renewable Energy Sources) Regulations, 2024,published in the Gazette of India (EXTRAORDINARY) on 16th July, 2024 (hereinafter referred to as " the CERC RE Tariff Regulations, 2024");

**AND WHEREAS,** the Commission, find it expedient to add/align some of the provisions of the CERC RE Tariff Regulations, 2024 in its RE Tariff Regulations, 2017. Accordingly, the Commission proposes to make the following Regulations further to amend the RE Tariff Regulations, 2017;

**NOW, THEREFORE**, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 61, sub-section(1) of Section 62, clauses (a), (b) and (e) of sub-section (1) of Section 86 and clause (zd) of sub-section (2) of Section 181 of the Electricity Act, 2003 (36 of 2003), read with Section 21 of the General Clauses Act,1897 (10 of 1897), and all other powers enabling it in this behalf, the Commission proposes to make the following Regulations further to amend the Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission (Promotion of Generation from the Renewable Energy Sources and Terms and Conditions for Tariff Determination) Regulations, 2017 and as required by sub-section (3) of Section 181 of the said Act and rule 3 of the Electricity (Procedure for Previous Publication) Rules, 2005, the Draft Amendment Regulations are hereby published for the information of all the persons likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said Draft Amendment Regulations will be taken into consideration after the expiry of thirty (30) days

from the date of publication of this Notification in the Rajpatra, Himachal Pradesh, together with objections or suggestions, if any, received within the stipulated period.

The text of the aforesaid Draft Amendment Regulations is available on the website of the Commission *i.e.* http.// www.hperc.org.

The objections or suggestions in this behalf should be addressed to the Secretary, Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission, Vidyut Aayog Bhawan, Block-37, SDA Complex, Kasumpti-171 009 (H.P.).

## DRAFT REGULATIONS

**1. Short title and commencement.—**(1) These Regulations may be called the Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission (Promotion of Generation from the Renewable Energy Sources and Terms and Conditions for Tariff Determination) (Eighth Amendment) Regulations, 2026.

(2) These Regulations shall come into force from the date of publication in the Rajpatra, Himachal Pradesh.

**2. Amendment of Regulation 2.—**In Regulation 2 of the Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission (Promotion of Generation from the Renewable Energy Sources and Terms and Conditions for Tariff Determination)

Regulations, 2017, in sub-regulation (1),—

(i) after clause (ba), the following clauses(bb) and (bc) shall be inserted, namely:-

"**(bb)** '**Biomass'**means wastes produced during agricultural and forestry operations (for example, straws and stalks) or produced as a by-product of processing operations of agricultural produce (*e.g.*, husks, shells, de-oiled cakes); wood produced in dedicated energy plantations or recovered from wild bushes or weeds; and the wood waste produced in some industrial operations; including such other wastes as may be recognised by the Central Government, as being part of biomass;

**(bc)'Biomass gasification'** means the process of incomplete combustion of biomass resulting in the production of combustible gases consisting of a mixture of carbon monoxide (CO), hydrogen ($H_2$) and traces of methane ($CH_4$);"; and

(ii) for existing clause (ac), the following clause shall be substituted, namely;—

"**(ac)'Useful Life'** in relation to the project including a dedicated evacuation system shall mean the useful life of the following duration to be reckoned from the date of commercial operation of such project, namely:—

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Wind power project | 25 years |
